	Date of last operation
2. *ANDHRA PRADESH*	
Warrangal	February, 1988
Cuddapah	September, 1989
3. *BIHAR*	
Gaya	November, 1990
4. *GUJARAT*	
Deesa	August, 1991
5. *KARNATAKA*	
Mysore	September, 1989
6. *MAHARASHTRA*	
Akola*	December, 1988
Sholapur	July, 1991
7. *MADHYA PRADESH*	
Bilaspur	November, 1990
Satna	November, 1990
8. *RAJASTHAN*	
Kota	November, 1990
9. *TRIPURA*	
Kamalpur	September, 1990
10. *UTTAR PRADESH*	
Pantnagar	January, 1991

Note : Akola has been made operational for use by airlines at short notice.

वायुदूत और इंडियन एयरलाइन्स के विलय

6912. श्री महेश्वर सिंह : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वायुदूत और इंडियन एयरलाइंस के विलय संबंधी सभी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो कब; और

(ग) यदि नहीं, तो इन्हें कब तक पूरे किए जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) इस समय कोई निश्चित तारीख बताना संभव नहीं है ।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन हेतु प्रस्ताव

6913. श्री चौधरी हरमोहन सिंह :
श्री ईश दत्त यादव :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को, गत दो वर्षों के दौरान, उत्तर प्रदेश में

पर्यटन के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार करने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और ये प्रस्ताव किन-किन स्थानों से संबंधित है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण में नियुक्तियां

6914. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण में पिछले तीन वर्षों में ऐसे पदों पर कतिपय नियुक्तियां की गई हैं जिन्हें न तो सृजित किया गया था और न ही विज्ञापित किया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में पिछले तीन वर्षों का ब्यौरा क्या है और वे पद कौन-कौन से हैं; और

(ग) ये नियुक्तियां किसके आदेशों के अंतर्गत की गई थीं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) निर्धारित कार्यविधियों का अनुसरण करने के बाद, स्वीकृत पदों पर नियमित नियुक्तियां की जाती हैं । तथापि, पिछले तीन वर्षों के दौरान, बोर्ड सलाहकार, अग्निशमन अधिकारी, कम्प्यूटर प्रणाली विश्लेषक, सहायक हवाई अड्डा प्रबंधक और जन संपर्क व संपर्क अधिकारी के पदों के लिए सेवा की तात्कालिकता के कारण अपवाद के मामलों में ठेके के आधार पर छः नियुक्तियां की गई हैं । ये सारी नियुक्तियां सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से की गई थीं ।

Use of over-aged plains by private/ public airlines

6915. SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE-SHRIMATI VEENA VERMA: SHRI PRAMOD MAHAJAN;

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to State;

(a) whether any of the public or private sector airlines in India are using overaged planes;

(b) what is the fleet strength of Air India, Indian Airlines cum Vayadoot and each of the private airlines and the year and type of aircraf; used by them alongwith the facilities available for overhauling, ineluding C and D checks; and

(c) what are the facilities developed within the country and the proposal of public sector and private airlines and whether optimum utilisation has been obtained so far?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SUM GHULAM NASI AZAD): (a) No, Sir.

(b) and (c) The fleet strength of operators including type of aircraft and year of manufacture are given in the Annexure. *(See* Appendix 170. Annexure No. 139] As regard maintenance facilities, Indian Airlines and Air India have full fledged maintenance/overhauling facilities for the type: of aircraft operated by them. The private operators have maintenance facilities upto the issue of Flight Release Certificate approved by DGCA. For ma'or maintenance these operators have made arrangements with their principal or approved agencies abroad.